## सार-समाचार

### स्काउट मास्टर सेन सम्मानित हुए

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड बारां जिला काउंसलिंग के तृतीय वार्षिक अधिवेशन हरनावदाशाहजी में आयोजित हुआ, यहां जिला प्रभारी स्टेट सचिव टीसी बोहरा व राज्य स्काउट सचिव डॉ. पीसी जैन व राज्य संगठन आयुक्त दिलीप माथुर द्वारा अशोक सेन को हिमालय वुड बैज पार्चमेन्ट व बिड्स से सम्मानित किया गया। यह पुरुस्कार नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पंचमढ़ी, मध्यप्रदेश द्वारा दिया जाता है। सेन ने यह प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण स्थल पुष्कर घाटी अजमेर में 4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक सफलतापूर्वक पूर्ण किया। सेन पूर्व में सहायक परियोजना अधिकार लोक जुम्बिश अंता, बीआरसीएफ छीपाबडोद तथा राजस्थान ग्रामीण आजीविका कोटा में पीएफटी मैनेजर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है। सेन ने आजीविका मिशन में भी ग्रामीण गरीब महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनवाकर उनके द्वारा छोटी-छोटी बचत कर अपने परिवार की आय बढ़ाने का कार्य किया गया. कोटा के सांगोद ब्लॉक में प्रशिक्षित महिला तैयार कर राजस्थान के विभिन्न जिलों में समूहों को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा गया, जिससे उनके परिवार की आय 25 से 30 हजार तक हुई। सेन के बताया की स्काउट गाइड जीवन को बेहतर तरीके से जीने की एक कला है, इसमें बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है।

### मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधारोपण किया

**बून्दी** (निसं)। शनिवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में मिशन 'हरियालों राजस्थान' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया। इस दौरान सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारी गण व छात्राओं ने स्थानीय प्रजातियों को महत्व देते हुए अधिक संख्या में पौधारोपण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने सभी को पौधों की सुरक्षा और देखभाल करने का संकल्प दिलाया। साथ ही कहा कि धरती मां की सुरक्षा और भावी पीढ़ी को अमूल्य उपहार सौंपने के लिए वर्तमान में अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने बताया कि धरती मां के लिए वरदान के रूप में अति आवश्यक पौधारोपण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र प्रभारी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा और देखभाल की व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेनी चाहिए तभी हम पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित रख पाएंगे।

### भगवान राम-सीता विवाह महोत्सव मनाया

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे की साहू धर्मशाला में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन शनिवार को भगवान राम सीता विवाह महोत्सव मनाया गया। कथा व्यास रामसुखदास महाराज द्वारा श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा-महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली, वैसे ही देवता उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। इस दौरान यहाँ राम और सीता के विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। जयमाला राजेश-अनिता साहू ने सम्पन्न करवाई।

### आरएसी जवान की तबियत बिगड़ी, मौत

**कोटा,** (निसं)। आरएसी सेकंड बटालियन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जवान की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि कैथूनीपोल निवासी रमेश कुमार (51) जो शुक्रवार को ड्यूटी करके घर गये थे। रमेश कुमार की तबियत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि रमेश कुमार आरएसी सेकंड बटालियन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर थे। शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण सामने आ पायेगे, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

### कैडर के पुनर्गठन की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारियों ने रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। न्यायिक कर्मचारियों ने मंत्रालयिक व स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन की मांग को लेकर चल रहे न्यायिक कार्य बहिष्कार के तहत् शनिवार को अदालत परिसर से पारिवारिक न्यायालय तक रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। न्यायिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र राय जैन ने बताया कि मंत्रालयिक व स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन की मांग को प्रदेशव्यापी अवन के तहत पूरे प्रदेश के न्याय कर्मचारी आंदोलनरत है लेकिन इस और सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि मांगे नहीं माने जाने तक सामूहिक अवकाश पर रहेगे वही न्यायिक कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार का असर कोर्ट के कामकाज पर भी देखने को मिल रहा है लंबित मामलों में लम्बी तारिखें मिल रही है। मंत्रालयिक व स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन की मांग को लेकर कोटा जिले के 500 कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे है।

### स्थापना दिवस पर विप्र सेना ने सेवाकार्य किए

**बूंदी** (निसं)। विप्र सेना के पंचम स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को विप्र बंधुओं द्वारा जंगम की बगीची पर गायों को हरा चारा खिलाकर पुनीत कार्य किया और एक दूसरे को विप्र सेना के 5 वर्ष सफलता पूर्वक कार्य करने पर बधाइयां दी। इस दौरान विप्र सेना जिला अध्यक्ष व विशिष्ट लोक अभियोजक पोस्को मामलात मुकेश जोशी, पुजारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता दुर्गा शंकर शर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्री संदीप चतुर्वेदी, सर्व ब्राह्मण महासभा युवा जिला अध्यक्ष विकास सनाढ्य,पूर्व जिला अध्यक्ष पीयूष शर्मा, इंद्रा मार्केट व्यापार संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष शिवांशु शर्मा उर्फ शिवा, गायत्री परिवार बूंदी से जुड़े समाजसेवी जितेंद्र शर्मा आदि कई विप्र बंधुओं ने मौजूद रहकर पुनीत कार्य किया।

### प्रदर्शनी के पहले ही दिन लोगों में उत्साह

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के अम्बेडकर सामुदायिक भवन में केट वूमेन विंग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ शनिवार को विंग के प्रदेशाध्यक्ष मनोज गोयल, डीएसपी विकास कुमार, अनामिका जैन, रीति सोनी, मेही नामदेव, पूर्व पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन के आतिथ्य में किया गया। पहले ही दिन लोगो मे काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम में कविता जैन, विश्वा सोनी, प्रीति जैन, स्मृति गौतम, शिल्पी शर्मा, तनीषा शर्मा, साक्षी कपूर, अर्चना गगरानी, टीना जैन, टीना गुप्ता आदि सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

### कर्मों के फलों का चिन्तन मुनियों को होता है : विनिश्चय सागर

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। शहर के बाजार नम्बर एक में स्थित शांतिनाथ भगवान के मंदिर में विनिश्चय सागर महाराज ने शनिवार को प्रवचन कर्मो पर आधारित करके देते हुए कहा कि ज्ञान दो प्रकार का होता है। आर्ट ज्ञान और रोद्ध ज्ञान धर्म का अर्थ है वस्तु के स्वरूप को जानना सत्य को जानना समझना और करना ही धर्म है। कर्म पर बोलते हुए आचार्य ने कहा कि मनुष्य सिद्धाशिखर से संसार में भ्रमण कर्म की वजह से करता है। सुख और दुख भी कर्मों की वजह से आते हैं। इंसान निमित्त को दोष देता है, जबकि कभी कोई व्यक्ति या जीव किसी को सुखी या दुखी नहीं कर सकता।

### योगासन खेल प्रतियोगिता 27 जुलाई को

**बूंदी** (निसं)। शहर के रेतवाली महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को जिला योगासन खेल संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बूंदी जिला योगासन खेल संघ अध्यक्ष अंकुर निंबार्क ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई रविवार को कराया जाएगा।

# हाड़ौती में भारी बारिश की चेतावनी के विपरीत रहा मौसम

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती संभाग के सभी जिलों में प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी दी थी। इसे लेकर एहतियाती कदम उठा गए। कोटा जिले में नदी नालों और ज्यादा बहाव के क्षेत्रों में पुलिसकार्मिकों की ड्यूटी भी लगाई गई। जिला प्रशासन ने सरकारी और निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी लेकिन शनिवार को मौसम का पूर्वानुमान उलटा नजर आया। मौसम चेतावनी के विपरीत रहा। पूरे संभाग में सुबह से धूप निकली और मौसम खुला रहा।

■ निचले इलाकों में लगाया जाप्ता, लेकिन बरसे नहीं बदरा



कोटा में मौसम विभाग की चेतावनी के विपरीत मौसम खुला रहा और धूप भी निकली।

बरसात शुक्रवार रात 12 बजे बंद हो गई थी। कोटा, बारां और झालावाड़ जिले में शनिवार सुबह से दोपहर तक कहीं बारिश नहीं हुई। तीनों जिलों में धूप खिली जबकि बूंदी में धूप नहीं निकली लेकिन बारिश भी नहीं हुई। बूंदी के नैनवां इलाके में पहले हुई बारिश से एक सरोवर के ओवरफ्लो होने से बाढ़ जैसे हालात बने हैं। श्री सर्राफा बोर्ड कोटा के अध्यक्ष सुरेंद्र गोयल विचित्र का कहना है कि आपदा प्रबंधन का भारी बारिश का मैसेज मिला लेकिन मौसम इससे उल्टा रहा। देर रात को ही बारिश बंद हुई। जिसके बाद सूखा है।

बारां निवासी महेंद्र पंचोली मिन्की का कहना है कि सुबह से तेज धूप निकली है। झालावाड़ के वैभव जोशी ने कहा कि बारिश का नामोनिशान नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अलर्ट 19 जुलाई सुबह 8.30 बजे तक ही था। 19 जुलाई को सुबह जारी किए बुलेटिन में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी है। हालांकि 17 जुलाई सुबह 8.30 से 19 जुलाई सुबह 8.30 तक भारी बारिश की चेतावनी थी और बारिश कई जगह पर हुई भी। इसके चलते लॉ लाइन एरिया में पानी भर जाता है। कोटा संभाग में बांधों से भी काफी पानी छूटता है। नदी-नाले उफनने के बाद उनमें उतार में भी एक-दो दिन लगता है। कोटा जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि मौसम विभाग के 18 जुलाई को जारी अलर्ट के आधार पर ही हमने एहतियातन कदम उठाए थे ताकि आमजन को सुरक्षित रखा जा सकें।

बैराज 3 गेट खोले-कोटा बैराज की कैचमेंट एरिया और जवाहर सागर बांध से छोड़े जा रहे पानी से चंबल नदी में पानी की आवक बनी है। कोटा बैराज के लेवल को मेंटेन रखने के लिए चंबल नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में कोटा बैराज के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता नितेश कुमार वर्मा ने कहा कि पहले केवल दो गेट खोलकर 5 से 7 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई। लेकिन तड़के से ही निकासी बढ़ा दी गई। अभी 3 गेट 7-7 फीट खोलकर 25 हजार 383 क्यूसेक पानी की निकासी कर रहे हैं। कोटा बैराज की भराव क्षमता 854 फीट है। वर्तमान में जलस्तर 852.40 फीट है, जिसे 852 पर मेंटेन किया जाएगा।

दो दर्जन प्वाइंट पर जाप्ता-बीते दिनों चंबल और अन्य नदियों में हादसों के बाद प्रशासन ने एहतियात बरती है। जिला प्रशासन ने पीपल्दा से करवाड रोड पर सुखनी नदी पुलिया, खातौली सवाई माधोपुर रोड पर कैथूदा चंबल नदी पुलिया, खतौली से करवाड़ रोड पर माल मदनपुरा मार्ग, छापौल से बिशनपुरा मार्ग, सुकेत थाना इलाके में पीलियाखाल, पाटनी नाला जुल्मी रोड़ सुकेत, नेशनल हाईवे 52 पर मोडक थाना इलाके के साथ दरा की नाल में सात जगह जाप्ता लगाया है। कैथून थाना पुलिस ने भी पांच जगह ड्यूटी लगाई है। इनमें संजय नगर नदी के नजदीक, बस स्टैंड के पास, मवासा पुलिया के साथ दो अन्य जगह है। सांगोद कस्बे में उजाड़ नदी पुलिया, मोईकलां खुर्द गाडरवारा उजाड़ नदी, किशनपुरा उजाड़ नदी और खजूरी नांगली नदी पर जाप्ता लगाया है। यहां पुलिसकर्मियों को तैनात किया।

# 24720 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल एवं 12 किलो अफीम बरामद की, एक आरोपी गिरफ्तार

■ केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम की दो अलग-अलग कार्यवाही

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिये केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए 24720 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया।

वहीं दूसरी टीम ने कार्यवाही के दौरान अवैध मादक पदार्थ 12 किलो अफीम बरामद की। यह दोनों कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अपनी स्कूटी से जयपुर के दौसा जयपुर राजमार्ग पर होटल लव पैलेस के पास ट्रामाडोल की तस्करी के लिये जा रहा है। उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया।

गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी निगरानी के बाद, संदिग्ध वाहन और व्यक्ति की पहचान करके उसे रोक लिया और उसके वाहन की तलाशी ली तो टीम ने तलाशी के दौरान स्कूटी की पिछली सीट पर रखे एक कार्डबोर्ड के डिब्बे में छिपाकर रखी गई कुल 24720 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए गए।

कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, प्रतिबंधित ट्रामाडोल गोलियां वाहन के साथ जब्त कर ली गई तथा एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

**12 किलो अफीम बरामद:-** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि वही दूसरी ओर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन), चित्तौड़गढ़-द्वितीय डिवीजन के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए कुल 12.498 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कोई व्यक्ति मोरवन के बाहरी इलाके में मोटरसाईकिल से अवैध मादक पदार्थ लेकर तस्करी के लिये जा रहा है।

उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन), चित्तौड़गढ़-2 डिवीजन के अधिकारियों की टीम गठित कर टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर मोरवन के बाहरी इलाके में एक मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक यू-टर्न लेकर गांवों के रास्तों से भाग निकला।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि गठित टीम ने सड़क किनारे लोगों से पूछताछ करके बाईक के रास्ते और ठिकाने का पता लगाने की कोशिश की और आखिरकार मेलाना गाँव के पास मेंडकी रोड पर बाईक की पहचान हो गई। लेकिन बाईक चालक अंधेरे, लगातार हो रही बारिश और जंगल का फायदा उठाकर बाईक सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया।

टीम ने मौके पर बाईक की तलाशी ली तो बाईक पर बंधे एक बैग में कुल 12.498 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। उक्त बाईक और बरामद अवैध अफीम को एनडीपीएस अधिनियम, के तहत जब्त कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### स्मारिका भेंट की

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, कोटा सम्भाग एवं जिला संगठन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर पीयूष सांमरिया, जिला पुलिस अधीक्षक, कोटा ग्रामीण सुमित शंकर झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इंटेलिजेंस जोन प्रवीण जैन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर जिला कोटा शहर दिलीप सैनी से संभागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि तथा जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह के नेतृत्व में भेंट कर उन्हें संगठन के प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रकाशित स्मारिका वर्ष-2025 की प्रतियां प्रस्तुत की और उन्हें संगठन द्वारा पेंशनर्स एवं सेवारत कार्मिकों के कल्याणार्थ संचालित गतिविधियों से विस्तृत रूप से अवगत कराया। इन पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों को प्रशासन से बेहतर तालमेल बनाए रखने हेतु भी आश्वस्त किया।

# कोटा भूमि विकास बैंक ने 3.20 करोड़ रुपये की ब्याज छूट दी

**कोटा,** (निसं)। कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 के अंतर्गत जिले के किसानों को 3 करोड़ 20 लाख रुपये की ब्याज छूट प्रदान कर एक बड़ी राहत दी है। इस योजना के तहत 170 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कुल 4 करोड़ 78 लाख रुपये की वसूली सुनिश्चित की गई।

बैंक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के उप रजिस्ट्रार ऋतु सपरा, लेखापाल धर्मवीर सिंह सहित शाखा प्रबंधक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत 30 जून 2025 तक प्राप्त आवेदनों में से 1.58 करोड़ रुपये की नगद वसूली की गई, जिस पर 3.20 करोड़ रुपये की ब्याज छूट स्वीकृत हुई। इस प्रकार योजना के माध्यम से पुराने कर्जो का समाधान और बैंक की वसूली दोनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। बैंक अध्यक्ष ने बताया कि बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से गांव-ढाणी में विशेष शिविर लगाए गए, जिससे 10 से 30 वर्ष पुराने ऋण मामलों का समाधान संभव हुआ। उन्होंने कहा कि जो ऋण दादा ने लिया था, उसका भुगतान पोता कर रहा था, इस योजना से अब उन्हें मुक्ति मिली है।

उन्होंने इसे बैंक के लिए एक क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने ने बताया कि पहले 25 प्रतिशत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि 30 जून थी, जिसे सरकार ने बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 कर दिया है। इस अवधि विस्तार का लाभ उठाकर अब तक 110 किसानों ने लगभग 52 लाख रुपये की राशि जमा की है, जिससे उन्हें लगभग 2.50 करोड़ रुपये की राहत प्राप्त होगी।

# चौगान जैन मंदिर में आज होगी चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना

**बूंदी** (निसं)। शहर के चौगान जैन मंदिर में विराजमान आर्यिकाश्री सत्यमती माताजी व हेमश्री माताजी के चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना कार्यक्रम रविवार को चौगान जैन मंदिर में आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ चित्र अनावरण के साथ होगा। इसके बाद दीप प्रज्जवलन फिर ध्वजारोहण होगा। इससे पूर्व शनिवार को ससंघस्थ ब्रहमचारिणी धर्मिष्ठा व प्रीति बहन के निर्देशन में मेहंदी रस्म हुई, जिसमें बडी संख्या में महिलाएं एक जैसे वेशभूषा हरी चुनडी पहनकर आई।

चातुर्मास समिति संयोजक दीपक गंगवाल व उप संयोजक छुट्टन बाकलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ धाबाईयों का नया गांव निवासी पारस पाटनी द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। आर्यिका सत्यमती माताजी के पाद पक्षालन पदम सौगनी, शास्त्र भेंट पदम सेठिया ने किया। हेमश्री माताजी के पाद पक्षालन व शास्त्र भेंट विमल कटारिया द्वारा किया गया। इसके बाद मेहंदी रस्म कार्यक्रम शुरू हुआ। महिलाओं ने हाथों में मंगल कलश स्थापना-2025 मेहंदी लगाई। बाल ब्रह्मचारिणी प्रीति बहन के भजनों मेहंदी हाथन राचन लागे, उडी-उडी जा उड़ती पतंग देखो, ओ गुरू सा थारों चेलो बनु में सरीखे भजनों पर महिला-पुरुषों ने भक्ति की। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस मौके पर आर्यिका सत्यमती माताजी ने धर्मसभा में कहा कि मेहंदी शुभ व मंगल अवसरों पर हाथों में लगाई जाती है। मेहंदी का भी बड़ा महत्व होता है। संचालन समाज अध्यक्ष संतोष पाटनी ने किया। कार्यक्रम प्रभारी आशा गंगवाल व गुणमाला छाबडा ने आभार जताया।


**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/50(2025.26)
दिनांक – 17.07.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/ 267 / 2025 – 26, **कार्य का नाम :** कोटा के प्लेटफार्म संख्या 4 (01 नंबर) सवाई माधोपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2/3 (01 नंबर) और भरतपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 और 02/03 (02 नंबर) पर स्थित THYSSENKRUPP मेक के 04 नंबर यात्री लिफ्ट (लिफ्ट) का दो साल के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC), **अनुमानित लागत (रु में):** 12,83,282.08, **बयाना राशि (रु में):** 25,700/-, **कार्य समाप्ति अवधि :** 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 11.08.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट वेबसाईट http: // www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेगें। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नही है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ ले।

(हस्ता)
कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# भवानीमंडी में चातुर्मास कलश स्थापना आज

**भवानीमंडी,** (निसं)। भवानीमंडी में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिद्वय निष्पक्ष सागर महाराज व निस्पृहसागर महाराज चातुर्मास हेतु विराजमान है। जिनका चातुर्मास कलश स्थापना समारोह सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा रविवार को पद्मावत रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा।

दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली, विशाल सांवला ने बताया कि चातुर्मास कलश स्थापना के तहत प्रातः काल मुनिद्वय अपनी मंगल देशना से आमजन को धर्म लाभ प्रदान करेंगे।

जिसके पश्चात मुनिद्वय की आहार चर्या व सामयिक होगा।

दोपहर 1 बजे से चातुर्मास कलश स्थापना का समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमे स्वर्ण कलश, रजत कलश, मयूर कलश, कच्छप कलश मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

कार्यक्रम मे आष्टा, जावरा, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, देवास, सुसनेर, पिड़ावा, कोटा, रामगंजमंडी, मोडी, महाराष्ट्र सहित देश के कई स्थानों से श्रद्धालुजन भाग लेंगे। इसके पश्चात सभी समाज जनों के वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाएगा।

# सुदृढ़ पीढ़ी का निर्माण और संस्कारों का आधार होते हैं वरिष्ठजन : राठौर

**बून्दी** (निसं)।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उमंग संस्थान के तत्वावधान में देवपुरा स्थित सेंट्रल एकेडमी प्रांगण में वरिष्ठ जन विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सक्रिय वरिष्ठ नागरिकों के आतिथ्य में आयोजित शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक चेतना समिति सदस्य एवं उमंगसंस्थान समन्वयक कृष्णकान्त राठौर ने की। प्राधिकरण केपीएलवी डॉ सर्वेश तिवारी प्रधानाचार्य निलेश गौड और उपाचार्य सुल्ताना परवीन मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर वरिष्ठजन का अभिनंदन कर उन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उमंग संस्थान के तत्वावधान में देवपुरा स्थित सेंट्रल एकेडमी प्रांगण में वरिष्ठजन विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर को संबोधित करते विधिक चेतना समिति सदस्य कृष्ण कान्त राठौर ने कहा कि वरिष्ठजन समाज में वृद्धजन के रूप में अनुभव का खजाना होते हैं। ये परिवार के आधार स्तंभ और विकास की नींव होते हैं, ये न केवल सुदृढ़ पीढ़ी का आधार और संस्कारों के पोषक हैं बल्कि समय की अमूल्य पूंजी भी हैं। वरिष्ठजन के आशीर्वाद से ही कोई भी समाज सफल होता है। इनकी मेहनत, त्याग व बलिदान रूपी परवरिश के परिणाम स्वरूप हम समाज मे स्थापित है।

इन्होंने अपने माता पिता और वरिष्ठजनों का सम्मान को भारतीय संस्कृति का संस्कार बताते हुए कहा कि आज जो हम देखेंगे, आगे भी हमारे नौनिहाल वही सीखेंगे और इस सीख के सकारात्मक और अच्छा परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

कानूनी दायित्व कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि वृद्ध व्यक्तियों की देखरेख और सुरक्षा के उद्देश्य से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 बनाया गया है। कोई भी वरिष्ठ नागरिक, जिसकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, इसमें वे माता-पिता भी आते हैं, जो खुद कमाने में असमर्थ हैं, वे अपने बालिग बेटा, बेटी, पौत्र, पौत्री से भरण-पोषण खर्च पाने की पात्रता रखते हैं। इन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 शुरू की गई है।

इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक स्तर पर विधिक सहायता, सलाह, परामर्श को सुदृढ करना, उन्हें विभिन्न विधिक प्रावधानों के लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाना, सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों तक पहुंच सुनिश्चित करना और पुलिस, स्वास्थ्य देखभाल प्राधिकरणों एवं जिला प्रशासन आदि के साथ सहयोग कर तुरंत स्वास्थ्य सुविधाएं एवं शारीरिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपाय करने के लिए तरीके खोजना है। कार्यक्रम में माता-पिता का भरण-पोषण एवं वरिष्ठ नागरिक अधिकार अधिनियम 2007, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया। शिविर में संभागी वरिष्ठजन ने अपनी अपनी जिज्ञासाएं और विभिन्न समस्याएं साझा की।

आयोजन में संस्था परिवार और अतिथियों द्वारा स्थानीय स्तर पर सक्रिय वरिष्ठजन ओमप्रकाश जांगिड, नरपत सिंह, कैलाश शर्मा, प्रकाशचंद मीणा, प्रताप सिंह हाडा, शम्भू सिंह हाडा, कपूरचंद सैनी, माया कंवर, किरण सोनी, कलावती देवी, काली बाई, जानकी बाई, सरोज देवी, कलावती देवी, काली बाई, जानकी बाई, सरोज देवी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया व प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। शिविर में प्रधानाचार्य नितेश जांगिड ने शिविर में नई पीढ़ी के दायित्वों की जानकारी दी व आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा उप प्रधानाचार्य सुल्ताना परवीन ने आभार जताया। आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश जांगिड, नफीस मोहम्मद, उमंग यूथ सेल के आतिश वर्मा, अक्षिता, आशा, शालिनी, सलीका व मुस्कान का विशेष योगदान रहा। शिविर में स्कूली विद्यार्थियों, आमजन व संस्थान सदस्यों ने सहभागिता की।


**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1237 दिनांक:-16.07.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री गोपाल गुर्जर पिता श्री देवीलाल गुर्जर निवासी रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के नया बाजार आवासीय योजना रावतभाटा के आवासीय भूखंड संख्या 186 साईज 40x50 क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट अर्थात 185.80 वर्गमीटर के स्वामित्व संबंधी व अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा**

**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1241 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-16.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उर्वशी पारीक पिता श्री राकेश पारीक व पत्नी श्री ललित कुमार पारीक निवासी भीलवाड़ा ने इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों को ऑनलाईन अपलोड कर नगर पालिका रावतभाटा की श्रीगणेश नगर आवासीय योजना के भूखंड संख्या 79 श्रेणी (स) साईज 30x60 क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट अर्थात 167.29 वर्गमीटर का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकार्ड में दर्ज करने हेतु निवेदन किया है।

प्रस्तुत/ऑनलाईन अपलोड दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखंड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 26.09.2017 अन्तर्गत श्री तुलसीराम बुनकर पिता श्री गंगाराम निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 10 वर्ष की लीज राशि जमा होने के उपरांत क्रेता के पक्ष में लीज डीड क्रमांक 143 दिनांक 13.12.2017 व पंजीयन दिनांक 17.01.2018 को करवाया गया तथा इसके उपरांत मूल क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त खाली भूखंड को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.08.2022 से श्री दिनेश कुमार चनाल पिता श्री देवीलाल निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकार्ड में स्वीकृति पत्रांक 4105 दिनांक 10.01.2023 से दर्ज किया गया। इसके उपरान्त नामान्तरिती ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.05.2025 से आवेदक श्रीमती उर्वशी पारीक पिता श्री राकेश पारीक व पत्नी श्री ललित कुमार पारीक निवासी भीलवाड़ा को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर आवेदक के नाम भूखंड का नामान्तरण/हस्तान्तरण नियमानुसार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त भूखंड का नामान्तरण पालिका रिकार्ड में आवेदक के नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा**